लेज़र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन,मेटकाफ़ भवन, दिल्ली-110054

प्रशिक्षु अधिनियम 1961 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत निदेशक, लेज़र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र, दिल्ली 25 प्रशिक्षुओं के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में उनके सम्मुख उल्लिखित विवरण के अनुसार आई॰टी॰आई॰ अप्रेंटिसशिप प्रशक्षण मई, 2017 बैच के लिए आवेदन आमंत्रित करता है :-

क्रम सं॰	ट्रेड	रिक्तियों की संख्या	आयु सीमा (01.05.2017 को)	न्यूनतम योग्यता
(क)	मशीनिस्ट	2	न्यूनतम – 18 वर्ष	हाई स्कूल उत्तीर्ण एवं एन॰सी॰वी॰टी॰/एस॰सी॰वी॰टी॰ द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से वर्ष 2014, 2015 व 2016 में आईटीआई नियमित अभ्यर्थी के रूप में उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र होंगे।
(ख)	फिटर	2		
(ग)	टर्नर	2		
(घ)	इलेक्ट्रीशियन	1		
(ङ)	कार्पेंटर	1		
(च)	पेंटर (सामान्य)	1		
(छ)	वेल्डर (सामान्य व विद्युतीय)	1		
(ज)	कंप्यूटर ऑपरेटर (कोपा)	15		

नोट : (1) उपरोक्त पदों में अनुसूचित जाति, अनु॰ जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु आरक्षण भारत सरकार कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, केंद्रीय शिक्षुता परिषद, शिक्षु अधिनियम, 1961, शिक्षुता नियम, 1992 एवं शिक्षुता (संशोधन) नियम, 2015 में दिये गए प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा।

(2) ऊपर दी गई रिक्तियों की संख्या अनुमानित है तथा अंतिम आकलन के आधार पर रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन भी संभव है।

<u>महत्वपूर्ण निर्देश (Important Instructions)</u>:-

- प्रशिक्षण अवधि प्रशिक्षु अधिनियम 1961 के अनुसार होगी।
- अभ्यर्थियों का NCVT MIS Portal पर पंजीकरण होना अनिवार्य है । कृपया इसके लिए https://ncvtmis.gov.in वेबसाईट देखें । NCVT MIS Portal पर पंजीकरण करने के बाद वेबसाईट द्वारा या ईमेल पर प्राप्त पंजीकरण संख्या (Registration No.) का प्रिंट आउट लेकर अवश्य रखें क्योंकि इसे आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
- पंजीकरण संख्या उपरोक्त प्रशिक्षण के लिए लैस्टेक में साक्षात्कार से पूर्व जाँची जा सकती है।
- भारत के किसी भी राज्य / जिले के सेवायोजन कार्यालयों में आई.टी.आई. पंजीकृत अभ्यर्थी आवेदन कर सकते है।

- अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों का दिनांक 01.05.2015 से पुराना जाति प्रमाण पत्र (OBC Certificate) या जिसकी वैधता समाप्त हो चुकी है, मान्य नहीं होगा।

- अभ्यर्थियों को NCVT/SCVT बोर्ड से आई.टी.आई. उत्तीर्ण किया होना चाहिए। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होनें आई॰टी॰आई॰ की परीक्षा दी हो परंतु जिनका परीक्षाफल घोषित न हुआ हो, उनके आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

- वे अभ्यर्थी जिन्होने आई.टी.आई. व्यक्तिगत अभ्यर्थी (as a private candidate) के रूप में किया है, वे उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

- वर्ष 2014, 2015 या 2016 में आई.टी.आई. उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनको बोर्ड द्वारा अंकपत्र प्राप्त हो गया है, वे ही आवेदन करने के पात्र होंगे। वे अभ्यर्थी जिन्हें आई.टी.आई. का परीक्षाफल / अंक पत्र बोर्ड द्वारा प्राप्त नहीं हुआ है] आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

- अनु॰ जनजाति व अनु. जाति वर्ग के अभ्यर्थियों का चयन प्रशिक्षु अधिनियम 1961 के नियमानुसार दिल्ली के लिए निर्धारित कुल सीटों के क्रमश: 1:3 व 1:6 के अनुपात में होगा। अन्य पिछड़ा वर्ग एवं शारीरिक रूप से अक्षम अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण दिल्ली राज्य सरकार के नियमानुसार दिया जाएगा।

- वे अभ्यर्थी ही आवेदन करने के पात्र हैं जिन्होंने आई.टी.आई. उत्तीर्ण करने के उपरान्त अन्य किसी भी संस्थान से प्रशिक्षु अधिनियम 1961 के तहत शिक्षुता प्रशिक्षण न तो प्राप्त किया हो और न ही कर रहा हो।

वृत्तिका (Stipend)

सभी चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षु अधिनियम 1961 के अनुसार प्रशिक्षण अवधि के प्रथम वर्ष में वृत्तिका दिल्ली राज्य सरकार द्वारा अर्धकुशल कामगारों के लिए निर्धारित प्रति माह वेतन का 70% या 80% देय होगी।

स्वास्थ्य/चिकित्सा जांच (Medical Check-up)

आवेदक का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति से पूर्व दिये गये प्रारूप पर दिल्ली सरकार के अधीन सरकारी अस्पताल के सक्षम चिकित्साधिकारी द्वारा प्रमाणित चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। ई॰एस॰आई॰सी॰ अस्पताल द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र स्वीकार्य नहीं है। अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रशिक्षु अधिनियम 1961 व उसमेंs समय-समय पर हुए संशोधनों द्वारा निर्धारित स्वास्थ्य मानकों पर खरा उतरने पर निर्भर करती है।

चयन प्रक्रिया (Selection Procedure)

1. दस से अधिक रिक्तियों वाले व्यवसायों हेतु अभ्यर्थियों (उदाहरणतः कोपा) आई.टी.आई. एवं हाई स्कूल में प्राप्त अंकों (आई.टी.आई. अंको का 70% वेटेज व हाई स्कूल अंकों का 30% वेटेज लेते हुए) के श्रेष्ठता सूची (merit) के आधार पर 1:1.15 के अनुपात में साक्षात्कार हेतु बुलाकर किया जायेगा अर्थात चयन हेतु लिखित परीक्षा की प्रक्रिया नहीं होगी। अभ्यर्थियो का अप्रेंटिस हेतु अंतिम चयन उपरोक्त श्रेष्ठता

सूची (मेरिट) (आई.टी.आई. अंकों का 70% वेटेज व हाई स्कूल अंकों का 30% वेटेज लेते हुए) का 70% तथा साक्षात्कार का 30% अंक के आधार पर किया जाएगा। आई.टी.आई. एवं हाई स्कूल में प्राप्त अंकों के भारित औसत (weighted average) में समान अंक होने की दशा में अधिक उम्र के अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी।

2. जिस व्यवसायिक ट्रेड में रिक्तियों की संख्या 10 या 10 से कम है उनके लिए अभ्यर्थियों साक्षात्कार नहीं होगा बल्कि उनका चयन उपरोक्त आधार पर सीधे मेरिट बनाते हुए किया जाएगा।

3. यदि किसी व्यवसायिक ट्रेड में योग्य अभ्यर्थियों की संख्या रिक्तियों की संख्या से कम या बराबर होती है तो सभी योग्य अभ्यर्थियों को सीधे कार्यग्रहण (joining) के लिए बुलाया जाएगा।

आवेदन कैसे करें (How to apply)

- उपरोक्त प्रशिक्षण के लिये आवेदन पत्र भरकर स्वयं जमा कराएं अथवा डाक माध्यम द्वारा प्रेषित करें।

- इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार आवेदन पत्र को भरने, जमा करने तथा चयन से संबन्धित सभी दिशानिर्देशों से संबन्धित जानकारी के लिए दिये गये निर्देशानुसार कार्य करें।

- अंतिम तिथि के बाद किसी भी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र अस्वीकार्य होंगे। अपूर्ण व आंशिक रूप से भरे हुए आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगे। भरा हुआ आवेदन पत्र व अन्य दस्तावेज़ भेजने वाले लिफ़ाफ़े के ऊपर "**अप्रेंटिस भर्ती – मई 2017 हेतु आवेदन पत्र**" अवश्य लिखें।

- नीचे दिये गए सामान्य निर्देश (General Instructions) में उल्लिखित दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र को विज्ञापन में उल्लिखित अंतिम तिथि तक निम्नलिखित पते पर डाक (स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड पोस्ट) द्वारा भेजें या व्यक्तिगत रूप से स्वयं निम्नलिखित कार्यालय में जमा कराएं :-

निदेशक, लेज़र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र
प्रशासन प्रभाग (स्थापना-III अनुभाग)
रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, मेटकाफ़ भवन, सिविल लाइंस, दिल्ली – 110054

- आवेदन से संबन्धित किसी भी पूछताछ के लिये दूरभाष संख्या (011) 23907422 **या** 23907427 **या** 23907465 पर संपर्क किया जा सकता है।

सामान्य निर्देश (General Instructions)

- अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लें कि वे उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु निर्धारित अनिवार्य योग्यता धारण करते हैं। यदि चयन के किसी भी चरण में या चयन के उपरांत भी यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी अर्हताओं को पूर्ण नहीं करता / करती है या आवेदक द्वारा प्रस्तुत किए गए तथ्य एवं संलग्न दस्तावेज सत्य एवं सही नहीं है तो आवेदक की उम्मीदवारी/नियुक्ति किसी भी समय बिना कोई कारण बताए निरस्त की जा सकती है।

- सभी अभ्यर्थियों को अपने निम्न स्व-सत्यापित (Self-Attested) दस्तावेज़ संलग्न करके विज्ञापन में उल्लिखित अंतिम तिथि तक व्यक्तिगत रूप से / डाक द्वारा जमा करने होंगे :-
  (1) हाई स्कूल (दसवीं कक्षा की) अंक तालिका एवं हाई स्कूल प्रमाण पत्र
  (2) आईटीआई की अंक तालिका

(3) दो छायाचित्र (photographs)

(4) NCVT MIS Portal द्वारा पंजीकरण संख्या

(5) जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)

(6) शारीरिक रूप से अक्षमता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)

(7) मान्य फोटो आईडी कार्ड (मतदाता पहचान पत्र/पासपोर्ट/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेन्स/आधार कार्ड)

▪ प्रबंधन के पास बिना कोई कारण दिए चयन प्रक्रिया के संशोधन / पुनर्निर्धारण / निरस्त / निलंबन करने का अधिकार है। प्रबंधन का निर्णय अंतिम व बाध्य होगा और इस संबंध में किसी भी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा ।

▪ इस परिपत्र के फलस्वरूप अथवा परिपत्र के संदर्भ में आवेदन के फलस्वरूप उत्पन्न किसी दावे या विवाद के लिए प्रार्थना पत्र देने की प्रक्रिया केवल लेज़र विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी केन्द्र (लैस्टेक) में शुरू की जा सकती है तथा न्यायालय / ट्रिब्युनल / फोरम दिल्ली के पास इस संबंध में कारण / विवाद की जाँच करने का एकल तथा विशेष न्यायाधिकार होगा।

▪ किसी व्यवसायिक ट्रेड में किसी भी अवस्था में यदि योग्य अभ्यर्थियों के संख्या रिक्तियों की संख्या से कम रहती है तो सभी योग्य अभ्यर्थियों को, यदि वे अन्य अर्हतायें पूरी करते हैं तो, मेरिट में छूट प्रदान करते हुए क्रमश: ज्वाइनिंग के लिए बुलाया जा सकता है।

▪ चयनित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार नहीं किया जायेगा ।

▪ अंतिम चयन होने तक इस प्रक्रिया से संबंधित कोई भी शुद्धि / परिवर्तन / अपडेट अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में भरे गए मोबाइल नंबर पर एसएमएस द्वारा या वैयक्तिक ईमेल पर अवगत कराया जाएगा।

<u>महत्वपूर्ण तिथियाँ (संभावित)</u>

(क) पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र अन्य दस्तावेज़ों सहित प्राप्त होने की अंतिम तिथि : विज्ञापन प्रकाशित होने के 30 दिनों तक

(ख) साक्षात्कार की सूची घोषित करने की तिथि — उपरोक्त अंतिम तिथि के 15 दिन बाद

(ग) साक्षात्कार की तिथियाँ (अनुमानित) — 05.07.2017 से 08.07.2017

(घ) अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की सूची घोषित करने की तिथि — 14.07.2017

(ङ) कार्यग्रहण (joining) की तिथि — 24.07.2017

तिथियों में बदलाव संभव है। उन सभी अभ्यर्थियों जिनके आवेदन स्वीकार्य पाये जाएंगे, को आवेदन पत्र में उल्लिखित मोबाइल नंबर पर एसएमएस द्वारा तिथियों के परिवर्तन के संबंध में सूचित किया जाएगा।

उप निदेशक (प्रशासन)
कृते निदेशक

शिक्षुता प्रशिक्षण (Apprentice Training) आवेदन पत्र

कृपया स्व-सत्यापित की हुई पासपोर्ट साइज़ नवीन छायाचित्र (photo) चिपकाएँ

1. आवेदित ट्रेड : ....

2. पूरा नाम : ....
(हिन्दी में अथवा अंग्रेज़ी के बड़े अक्षरों में)

3. लिंग : पुरुष / स्त्री

4. पिता का नाम : ....

5. डाक पता : ....
....
....

6. स्थायी पता : ....
....
....

7. मोबाइल नंबर : .... (अति आवश्यक)
नोट : भर्ती संबंधी कोई भी सूचना इसी मोबाइल नंबर पर सूचित की जाएगी।

8. ई-मेल ....

9. जन्म तिथि : ....

10. राष्ट्रीयता : भारतीय / गैर-भारतीय (गैर-भारतीय कृपया राष्ट्रीयता अंकित करें) ....

11. अनुसूचित जाति / जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / सामान्य

परीक्षा विषय (ट्रेड सहित)	बोर्ड / संस्थान	उत्तीर्ण करने का वर्ष	श्रेणी	अधिकतम अंक	प्राप्तांक	प्रतिशत/ ग्रेड

12. शैक्षिक / प्राविधिक योग्यताएँ (दसवीं से प्रारम्भ करें) :

13. वर्तमान नियुक्ति (यदि कोई हो) का कार्यालय पता सहित विवरण : ....
....
....

14. अन्य कोई सूचना : ....

<u>अभ्यर्थी द्वारा जारी घोषणापत्र</u>

मैं घोषणा करता हूँ / करती हूँ कि :

(i) मेरी जानकारी के अनुसार उपरोक्त सूचनाएँ सही हैं।

(ii) मैंने इससे पूर्व कोई भी शिक्षुता प्रशिक्षण (Apprentice Training) किसी भी स्थान पर नहीं किया है।

(iii) मैं मांगे जाने पर अपनी शैक्षिक योग्यता की मूल प्रतियाँ तथा यदि लागू है तो अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित होने का मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करूंगा / करूंगी।

(iv) मुझे स्पष्ट रूप से ज्ञात है तथा मैं इस बात से सहमत हूँ कि किसी भी शिक्षुता प्रशिक्षु को प्रशिक्षण समाप्ति पर डीआरडीओ अथवा लैस्टेक (जहां से प्रशिक्षण लिया जा रहा है), में स्थायी अथवा अस्थाई नियुक्ति देने का कोई प्रावधान नहीं है एवं मैं इसके लिए कभी भी दावा प्रस्तुत नहीं करूँगा/करूँगी।

....

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

<u>टिप्पणी</u> :

(i) भरी जा रही विभिन्न ट्रेडों की रिक्तियों की संख्या परिवर्तित हो सकती है।

(ii) लिफाफे के शीर्ष पर **<u>अप्रेंटिस भर्ती – मई 2017 हेतु आवेदन पत्र</u>** अवश्य लिखा होना चाहिए।

(iii) अंतिम तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

(iv) इस आवेदन पत्र के साथ सभी प्रमाण पत्रों की स्व-सत्यापित छायाप्रतियाँ संलग्न करें।

(v) उपरोक्त रिक्तियों को भरना सक्षम प्राधिकारी (competent authority) के अनुमोदन पर निर्भर है।

(vi) निदेशक, लैस्टेक विज्ञापन को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार रखते हैं।